तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025

13 सुआ नृत्य व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

14 धनतेरस पर बाजार में बढ़ी रौनक करोड़ों का हुआ रिकार्ड कारोबार




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### नपं अध्यक्ष प्रतिभा ने कर्मचारियों व गुमटी वालों को मिठाई भेंट की



**बालोद।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने धनतेरस के दिन सफाई कर्मचारियो एवं अन्य कर्मीयो को सामग्री एवं मिठाई भेंट की। प्रतिभा चौधरी ने नगर में घुम घुमकर पसरा लगाने वाले गुमटी ठेले वाले एवं चर्मकारो सहित रेहड़ी वालो को मिठाई प्रदान की।

### 8 जुआरियों गिरफ्तार 11,100 रूपये जब्त

**बालोद।** पुलिस गुरूर ने ग्राम कोलिहामार आंगनबाडी के पास में कुछ लोग बिजली पोल के नीचे प्रकाश में 52 पत्ती ताश से रूपये पैसो का दाव लगाकर कांट पत्ती नामक जुआ खेलते हुए 8 जुआरियो को पकड़ा उनसे 11,100 रूपये जप्त किया गया। पुलिस की छापामार कार्यवाही दौरान कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग गए, मौके पर 08 व्यक्ति पकडे गए, जिसके नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम वार्ड 08 गुरूर निवासी गोविंदा सोनी 25 वर्ष, कोलिहामार निवासी किशन नेताम 21 वर्ष, वार्ड 14 गुरूर निवासी पुनमचंद साहू 22 वर्ष, पुरन लाल साहू 24 वर्ष, वार्ड 12 गुरूर निवासी द्रोणाचार्य साहू 24 वर्ष, कोलिहामार निवासी विवेक यादव 20 वर्ष, वार्ड 13 गुरूर निवासी उमेश बाघमारे 35 वर्ष, वार्ड 07 गुरूर निवासी विद्या सागर 23 वर्ष के पास से 4100 रूपये फड़ से 7000 रूपये कुल 11,100 रूपये एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा 3(2) छ0ग0 जुआ प्रतिषेध के तहत कार्यवाही की गई।

### साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज

**गुरूर।** परिक्षेत्र साहू संघ मोखा मे 19 अक्टूबर को 10.30 बजे कर्मा भवन कन्हारपुरी मे पूर्व परिक्षेत्र पदाधिकारियों की बिदाई एवं नवनिर्वाचित परिक्षेत्र पदाधिकारी की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलारु राम साहू ने बताया कि मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू होगे। अध्यक्षता महिला उपाध्यक्ष ललिता पीमन साहू करेगी। संरक्षक कौशल साहू,तहसील उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार साहू, महिला संगठन सचिव डामेश्वरी साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू के आतिथ्य मे होगा।

### गांजा तस्करी करने वाले चार को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि उतई पुलिस को मुखबिर की सूचना पर ग्राम डुण्डेरा मोरिद रोड गार्डन में दो युवक बाइक सीजी 07 एल 4595 में सवार होकर अवैध गांजा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और दो युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर युवको ने अपना नाम ग्राम डुण्डेरा निवासी सिद्धार्थ मेश्राम, यंशु वर्मा बताया है। बाइक की तलाशी लिये जाने पर पर वाहन के डिक्की से गांजा बरामद किया गया।

# अंचल में दीपावली के साथ पारंपरिक गौरी-गौरा जागरण की भव्य शुरुआत

**गौरा चौरा आदिवासी समाज की सांस्कृतिक परंपरा में उत्साह और भक्ति का संगम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





अंचल में दीपावली पर्व की शुभ आहट के साथ ही पारंपरिक गौरी-गौरा जगार की गूंज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। शुक्रवार की रात से ही दल्लीराजहरा शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आदिवासी समाज द्वारा देवी-देवताओं के जागरण की प्राचीन परम्परा प्रारंभ हो गई। आदिवासी नवयुवक समिति के रामेश्वर ठाकुर, कौशल कुमार एवं अनिल उइके ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का प्रतीकात्मक आयोजन किया जाता है, जो आदिवासी समाज की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। दीपावली से लगभग एक सप्ताह पूर्व गौरा चौरा में गौरी-गौरा जगार का शुभारंभ होता है। शुक्रवार की रात करीब नौ बजे भक्तजन एकत्रित होकर परंपरागत पूजा-अर्चना एवं वाद्य यंत्रों की धुन पर 'गौरा जागे का गीत गाते हुए देवी-देवताओं का आह्वान किया। इस दौरान कई श्रद्धालुओं पर देव सवारी भी आई, जिन्हें देखकर उपस्थित जनसमूह श्रद्धा एवं उत्साह से झूम उठा। पूरा वातावरण भक्ति, नृत्य और उल्लास से सराबोर हो गया।

गांव-गांव में गौरा चौरा की सजावट आरंभ हो चुकी है। महिलाएं मिट्टी की मूर्तियों को रंग-रोगन कर सजा रही हैं, वहीं युवा पारंपरिक नृत्य-गीतों की तैयारी में जुटे हैं। अंचल की यह सांस्कृतिक विरासत आज भी समाज को एकता और आस्था के सूत्र में बांधती है।

**अपराध :** नरवा खेत रपटा मार्ग पर हुआ झगड़ा, गंभीर चोट के कारण तोड़ा दम

# डंडे से पीटने पर हुई अधेड़ की मौत, इलाके में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौण्डीलोहारा

■ पिटाई के बाद बेहोशी में घर लाए अधेड़ की हुई मौत

खेत गए व्यक्ति के साथ दूसरे व्यक्ति ने डंडा से पिटाई कर दी जिससे व्यक्ति बेहोश हो गया, जिसे परिजन घर लेकर आए। इसी दौरान घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई। जिसके बाद बेटे द्वारा पिता की पिटाई करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम तुमडीकसा (करियाटोला) थाना मंगचुवा रूपेन्द्र कुमार पिता जगतराम सिन्हा 47 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर के सुबह 06 बजे करीबन मेरे पिताजी जगतराम शौच हेतू नरवा खेत रपटा मार्ग खरखरा नदी तरफ गया था, सुबह 06:40 बजे करीबन देवन राम मेरे घर में आकर बताया कि बालाराम आपके पिता जगतराम के साथ झगडा लडाई कर डंडा से जगतराम को मार दिया है, जिससे जगत राम बेहोश हो गया है, टीकम राम आपके पिता जगतराम को पकडकर बैठा है। मैं जगतराम के लिए पानी लेने आया हूं। इस जानकारी पर लडका दुर्गेश मोटर सायकल में नरवा खेत रपटा मार्ग पंचू सिन्हा का खेत के पास खरखरा नदी से लगे स्थान गया और पिता जगत राम को बेहोशी हालात में मोटर सायकल में बिठाकर घर लाया, जगत राम बेहोशी के हालात में था, सांस हल्का चल रहा था, घर वाले जगतराम की पैर की मालिस कर रहे थे। उसी दौरान पिता का सांस चलना बंद हो गया, बेटे ने आरोप लगाया कि मेरे पिता जगत राम की मृत्यु बालाराम द्वारा डंडा से मारने के कारण हुई है।


जांच में जुटी पुलिस

### अज्ञात वाहन की ठोकर युवक की मौत



बालोद। शोक कार्यक्रम से लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार ग्राम अंडी डौंडीलोहारा निवासी डेविड पटेल 30 वर्ष अपनी नानी सास के निधन पर आयोजित शोक कार्यक्रम में शामिल होने मुजगहन गया था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद वह ग्राम सोरर के अपने साथी पावस पटेल के साथ बाइक से घर लौट रहा था।

मुजगहन और करहीभदर के बीच स्थित मोड़ पर यह हादसा हुआ। उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। जिसके बाद वे डिवाइडर से जा टकराए। इस घटना में डेविड पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने डेविड के शव को मर्च्युरी में रखवाया। मिली जानकारी के अनुसार डेविड की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी और वह चार महीने के बेटे का पिता था। डेविड पेशे से पेंटर था। दीपावली त्योहार की वजह से वह घर लौट रहा था।

# हिमाचल प्रदेश के साहित्यिक शिविर में भाग लेंगी दिव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



■ हेमचंद यादव विवि दुर्ग की ओर से करेंगी प्रतिनिधित्व

शासकीय महाविद्यालय गुरुर से दिव्या देशलहरे का हिमाचल प्रदेश साहित्यिक शिविर में सहभागिता हेतु चयन हुआ है। स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेविका दिव्या देशलहरे का हिमाचल प्रदेश में आ यो जि त साहसिक शिविर 24 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सहभागिता प्रदान करने हेतु हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की ओर से अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय बिलासपुर संगठन व्यवस्था में भागीदारी देंगे। इस शिविर में चयनित कुमारी दिव्या मेरा युवा भारत में पंजीकृत है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केएल रावटे द्वारा दिव्या को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रोहित कुमार सोरी तथा वर्तमान राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गौसेवक देवांगन व प्रोफेसर लेखराम हिरवानी, डॉ.योगेन्द्र कुमार धुरवे, प्रोफेसर एस जोशी, प्रोफेसर प्रज्ञा कोरपे, प्रोफेसर डीके बारसेल, प्रोफेसर टीएस साहू, प्रोफेसर एचएस दीवान, प्रोफेसर सुमन साहू, डॉ नजमा बेगम, प्रोफेसर प्रेमचंद साहू एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने चयनित प्रतिभागी कुमारी दिव्या के प्रति हर्श व्यक्त किया।कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गौसेवक देवांगन ने बताया कि इस शिविर में सहभागिता प्रदान करने से उनके व्यक्तित्व विकास के साथ कौशल विकास पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी के साथ समाज को एक नई दिशा प्रदान करने का अवसर मिलता है।

### 70 खाद्य सामग्रियों के लिए सैंपल, दो प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

**दुर्ग।** खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने जिले के होटल, ढाबा, किराना, डेयरी, मिठाई शॉप ईत्यादि प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का सघन निरीक्षण किया। 70 खाद्य सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीर सागर पटेल ने मिथ्याचार अवमानक तथा अनुज्ञप्ति नवीनीकरण न कराने वाले प्रकरण में क्वालिटी मसाला धमधा को पर 20 हजार का जुर्माना लगाया। अन्य जगहों पर भी 50 हजार का जुर्माना वसूला।

# रजत जयंती वर्ष में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की रजत जयंती वर्ष पर संस्था में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान शिवम कुमार छठवीं ,भावेश कुमार छठवीं द्वितीय स्थान समीर कुंजाम छठवीं तृतीय स्थान भीवेश कुमार सातवीं रहे।प्रतियोगिता के निर्णायक सातों धनकर, वंदना साहू ,लोकेश्वर सिंह निषाद थे। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी चंद सोनवानी रहे। छात्रों को पुरस्कार संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेंद्र द्वारा प्रदान किया गया। प्रभारी प्राचार्य एल .के. ठाकुर द्वारा दीप पर्व की महत्ता एवं सावधानियां पर विचार प्रकट किया गया।



# विधायक सिन्हा ने स्थानीय कुम्हारों से खरीदे मिट्टी के दीये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

दीपावली के अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने स्थानीय बाजार में पसरा लगाकर दीपावली का सामान बेच रहे कुम्हार परिवारो से दीया खरीदी।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा दीपावली के अवसर पर अपने घर को जगमग करने के लिए स्थानीय कुम्हार परिवारो से ही मिट्टी के सामानो के साथ दीया खरीदे ताकि इस दीपावली उनसे खरीदे गए दीया से ना सिर्फ स्वयं का घर जगमग होगा, कुम्हार परिवार भी दीपावली स्वयं का घर जगमग कर दीपावली खुशी से मना सके। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा जहां एक ओर बाजार मे चाईनिंज दीया व लाईटे मिलती है जो देखने मे आकर्शक तो होती है लेकिन उसके कारण कड़ी मेहनत कर मिट्टी के दीया व सामान बनाने वाले कुम्हार परिवारो को रोजी रोटी के लिए दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमे अपने स्थानीय बाजारो मे कड़ी मेहनत कर मिट्टी के सामान बनाने वाले कुम्हार परिवारो से मिट्टी के सामान व दीया खरीदना चाहिए। उन्होने कहा कि बाजार मे इन कुम्हार परिवारो से मोल भाव कर उनके मेहनत को कम ना आंके। प्रत्येक घर की खुशहाली एवं जगमग करते दीए सच्चे दीपावली है।



**त्योहार और खेतों में भरे पानी के कारण किसानों को करना पड़ रहा इंतजार**

# अंचल में फसल कटाई का श्री गणेश, दीपावली के बाद पकड़ेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अंचल में रबी फसल कटाई का शुरूवात हो गई है, लेकिन इस बार कटाई की रफ्तार पर ब्रेक लगा है। दीपावली के बाद खेतों में हार्वेस्टरों की गूंज सुनाई देगी, फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए मौसम का रुख देख रहे हैं।

मौसम विभाग ने 22 अक्टूबर से बारिश की आशंका जताई है, जिससे किसानों की चिंता दोगुनी हो गई है। तेज बारिश हुई तो खेतों में खड़ी या पकी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। खेतों में पहले से पानी भरे होने के कारण कटाई कार्य में कठिनाई आ रही है।



### किसानों की जुबानी फसल तैयार, पर खेतों में पानी

सिघनवाही के किसान रामलाल ने बताया कि उनके खेतों में हरूना किस्म का धान पखवाड़े भर पहले से पककर तैयार है, लेकिन खेतों में पानी भरा होने से हार्वेस्टर मशीनें नहीं उतर पा रही हैं।
उन्होंने कहा अगर बारिश नहीं होती तो दीपावली के बाद कटाई शुरू कर देंगे, मजदूरों की भी फिलहाल कमी है क्योंकि त्योहारी सीजन चल रहा है।

बालोद जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां करीब 45 लाख हेक्टेयर में धान की फसलें लहलहा रही हैं। दल्लीराजहरा जैसे आदिवासी बाहुल्य ब्लॉकों में धान उत्पादन प्रमुख रूप से किया जाता है। इस बार फसल की स्थिति उत्साहजनक है, लेकिन मौसम की मार किसानों की मेहनत पर असर डाल सकती है।

**दीपावली के बाद बढ़ेगी कटाई की रफ्तार**-फिलहाल खेतों में तैयार फसलें लहलहा रही हैं, पर किसानों को अगले सप्ताह तक इंतजार करना होगा। जैसे ही त्योहारी रौनक कम होगी और मौसम साफ होगा, अंचल में फसल कटाई रफ्तार पकड़ लेगी, किसानों की मेहनत अब मौसम की मेहरबानी पर टिकी है। अगर 22 अक्टूबर के बाद बारिश नहीं हुई, तो अंचल के खेतों में 'धान कटाई महोत्सव' जैसा दृश्य देखने को मिलेगा और मंडियों में फिर से रौनक लौट आएगी।

# पलारी स्कूल के 10 बच्चों को मिला मुफ्त चश्मा




**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पलारी में नेत्र चिकित्सक डॉक्टर श्याम सुंदर देवांगन के द्वारा 10 बच्चों को चश्मा वितरित किया गया।

।। पितृ कृपा ।।
श्री बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
नए-नए डिजायन मजबूत लेकिन किफायती दर पर टाईल्स एवं मार्बल प्राप्त करने का एक मात्र स्थान
रायपुर रेट में उपलब्ध
सभी प्रकार के ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स, कोटा स्टोन, फर्शी पत्थर, तुलसी चौरा एवं मंदिर के विक्रेता

## खबर संक्षेप



### प्रगति विद्यालय ने किया मेघा डोसी का अभिनंदन

**डौंडीलोहारा।** नगर की बिटिया मेघा डोसी का दीक्षा लेने के पूर्व प्रगति विद्यालय परिवार द्वारा अभिनन्दन किया। विदित हो कि मेघा जी ने प्रारंभिक शिक्षा विद्यालय में ही ली थी, इस अवसर सुमेघा ने सभी विद्यार्थियों को नशापान से दूर रहने की अपील की, उन्होंने कहा कि नशापान से जहाँ शारीरिक परेशानियां आती हैं। वही परिवार में अंतर कलह पैदा होता है, उन्होंने सदैव गुरुओं का सम्मान कर एक श्रेष्ठ नागरिक बनने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से उन्हें श्रीफल एवं अभिनन्दन पत्र प्रदान किया। प्रधानाचार्य कीर्तिबाला टांक ने दीक्षार्थी बिटिया के संयम पथ पर अग्रसर होने पर शुभकामनायें व्यक्त की, सभी स्टाफ एवं विद्यार्थियों की ओर से संचालक ललित सिंह गौर ने मेघा को उज्जवल भविष्य की मंगल कामना प्रदान की।

## निधन

### धनसूराम निषाद

**गुरूर।** शनिवार को ग्राम तार्री निवासी धनसूराम निषाद 70 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। कुमारी निषाद के पति, संतोष निषाद के पिता, सरपंच सतरूपा निषाद के ससुर एवं रमन निषाद, हिमांशु निषाद के दादा थे।



### मोक्षिका कुरैटी

**गुरूर।** शनिवार को ग्राम बडभूम निवासी मोक्षिका कुरैटी 21 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। वे शिक्षक श्रवण कुरैटी के पुत्री, रिटायर करारोपण अधिकारी की भतीजी एवं धुव, चंदन, लीची के बहन थी।



### लोकनाथ साहू

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी लोकनाथ साहू उम्र 53 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। उषा साहू के पति, यशोदा साहू के भाई, लोचन साहू, कामिनी साहू के पिता थे।



भिलाई निगम की सामान्य सभा में प्रस्तुत 24 एजेंडे पर नहीं हो पाई चर्चा

# खुर्सीपार में निजी हॉस्पिटल संचालन, मैरिज पैलेस का कब्जा, नाली व पेवर ब्लॉक में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर हंगामा, सदन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गुरुवार को भिलाई निगम की सामान्य सभा हंगामे के बीच स्थगित कर दी गई। सत्ता पक्ष ने इस बीच एजेंडे को एकतरफा पारित करने की कोशिश की लेकिन विपक्ष के कड़े तेवर की वजह से सभापति गिरवर बंटी साहू ने सभा को आगामी दिनों के लिए स्थगित कर दी। शुरूआत से ही विपक्ष और पक्ष के पार्षदों ने सबसे पहले निगम आयुक्त राजीव पांडेय के दौरे को लेकर सदन में हंगामा शुरू किया। पार्षदों का कहना था कि जोन आयुक्त या निगम आयुक्त जिस वार्ड में दौरा करने जाएं वहां के पार्षद को सूचित कर दें और साथ लेकर जाएं। उनके द्वारा पार्षदों का फोन नहीं उठाए जाने पर भी हंगामा चला। इस पर सभापति ने कहा कि जोन आयुक्त व आयुक्त पार्षदों का फोन रिसीव करें और दौरा के पहले पार्षदों को सूचित करें। सदन में खुर्सीपार स्थित आईएमआई हॉस्पिटल के संचालन, मैरिज पैलेस द्वारा नालियों पर कब्जा, भिलाई विधानसभा के सेक्टर क्षेत्र में पेवर ब्लॉक और जीई रोड किनारे बनाए जा रहे निकासी नाली में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर सदन पूरे समय तक गरमाया रहा।



### पहला- सामाजिक भवनों को हटाना

सदन में पार्षद महेश वर्मा ने साहू समाज, देवांगन समाज के भवनों को निगम द्वारा बिना सूचना के तोड़ने पर आपत्ति उठाई। वर्मा ने कहा कि इन समाजों द्वारा पिछले 40 साल से यहां सामाजिक गतिविधियां संचालित हो रही थी। इस मुद्दे पर निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने जवाब दिया कि यहां पर वर्ष 2023 सामान्य सभा में प्रस्ताव लिया गया है कि मंडी बनाया जाए। इसलिए हटाने की कार्रवाई की गई।

### दूसरा- शराब दुकान खोलने पर हंगामा

जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने पं. दीनदयाल खेल परिसर खुर्सीपार की दुकान में शराब दुकान खोले जाने का मुद्दा उठाया। उन्होने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। इसे रद्द किया जाए। इस पर जोन अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग से पत्र प्राप्त हुआ था इसलिए प्रकरण एमआईसी में प्रस्तुत किया और वहां से पारित किया गया है। उसके बाद महापौर नीरज पाल ने सदन को बताया कि पहले की शराब दुकान मुहल्ले के भीतर थी। घटनाएं हो रही थी जिसकी वजह से महिलाएं प्रदर्शन कर रही थी। कलेक्टर ने उन्हे अस्थाई रूप स्थान मांगा है इसलिए दिया गया है। इस बीच एमआईसी सदस्य ने यह कहकर सदन को चौंका दिया कि यह प्रस्ताव एमआईसी में आया ही नहीं है। जिसे लेकर विपक्षी पार्षदों ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया।

### तीसरा- आधा किलोमीटर नाली पर कब्जा

पार्षद हरिओम तिवारी ने केपीएस स्कूल से लेकर शिवाजी चौक तक तीन होटलों द्वारा नालियों के ऊपर हुए कब्जे को सदन में रखा। उन्होने कहा कि पिछली सामान्य सभा में इसे हटाने की कार्रवाई करने मिनिट्स में दर्ज किया गया था लेकिन अब तक कार्रवाई क्यों नही की गई। एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी सहित कई पार्षद इस पर एक राय हुए। सभापति गिरवर साहू ने निगम आयुक्त को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

### चौथा- हॉस्पिटल - मैरिज पैलेस पर हो कार्रवाई

सदन में खुर्सीपार स्थित एक निजी हॉस्पिटल का संचालन अवैध होने का मुद्दा रखा गया। पार्षद सीजू एंथोनी ने पिछली सामान्य सभा का हवाला देते हुए मैरिज पैलेस पर कार्रवाई नहीं होना बताया। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने भी जवाब मांगा। जवाब में निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि हॉस्पिटल संबंध में सीएमएचओ को पत्र भेजा गया है।

## निगम में भ्रष्ट्राचार के ये मुद्दे गूंजे

### जीई रोड किनारे निकासी नाली निर्माण

उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल के सामने जीई रोड किनारे नाली निर्माण की गुणवत्ता पर निगम ने जांच टीम बनाई। निर्माण में बेस में 12 इंच की लेयर की जगह 5 इंच लेयर है। सीमेंट भी कम डला है। अधीक्षण यंत्री ने रिपोर्ट दी लेकिन एक महीने से ज्यादा हो गया लिफाफा ही नहीं खोला गया। दया ने कहा कि जांच हुई तो काम क्यों नहीं रोका गया।यह काम अभी भी चल रहा है। ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड क्यों नहीं किया। आयुक्त ने जवाब में कहा कि ठेकेदार का भुगतान रोकने की कार्रवाई की गई।



### 1100 की जगह 6 हजार वर्गफीट की आईडी बनी

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंन्हा ने भष्ट्राचार का बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 3 में एक व्यवसाई की 1100 वर्गफीट की रजिस्ट्री जमीन खसरा नंबर 766 है। उसने बाजू में खसरा क्रमांक 768 है। इस खसरा नंबर में 4900 वर्गफीट जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। इसकी बकायदा निगम ने आईडी भी बना दी। 5 करोड़ की भूमि पर कब्जा कर लिया है। इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष के पार्षदों ने जांच और कार्रवाई की जरूरत बताई। सभापति ने निगम आयुक्त को जांच शुरू करने कहा।

### महिला पार्षद के कथन पर हंगामा और सदन स्थगित

पार्षद नेहा साहू ने सदन में जोन दो आयुक्त के द्वारा निगम के वाहन में अपने घर रायपुर तक सामान ढ़ोने का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर कार्रवाई की जाए। इसी दौरान हंगामा होने लगा तो पार्षद नेहा ने यह कह दिया कि विपक्षी पार्षद भी भष्ट्राचार में मिले हुए हैं। इस कथन से जमकर हंगामा मचा और माफी मांगने पर पार्षद अड़ गए। हो हल्ला के बीच सभापति ने सचिव से एजेंडा पढ़ने कह दिया। एजेंडा सचिव पढ़ने लगे तो पार्षद पीयूष मिश्रा सहित अन्य ने सभापति पर ही आरोप लगाना शुरू कर दिया। आखिरकार सदन स्थगित कर दी गई।

# नवयुवक समिति ने रंगोली प्रतियोगिता व सम्मान समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

श्री आदर्श नवयुवक समिति भर्रीगांव पुरूर द्वारा रंगोली प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन 21 अक्टूबर को किया गया है। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार 1001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 701 रूपये, तृतीय पुरस्कार 501 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 301 रूपये, पंचम पुरस्कार 201 रूपये रखा गया हैं। जिसके शुभारंभ एवं पूजा अर्चना अवसर पर 21 अक्टूबर को रात्रि 7 बजे मुख्य अतिथि सभापति कृषि विभाग जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत आनंदपुर तेजराम साहू, हगरूराम साहू, सेवक राम साहू, मेंगसिंग साहू, देवसिंह सांहड़ा, हेमंत साहू, संजय साहू, भानु प्रताप साहू, तरूण कुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

समापन समारोह 21 को रात्रि 12 बजे मुख्य अतिथि रविद्र कुमर साहू रहेंगे। अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष भर्रीगांव भगवानी राम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि रामप्रकाश तुरतुरिया, प्रताप सिंह रामटेके, संत राम साहू, माखन लाल साहू, उद्योराम साहू, सुदामा तुरतुरिया, घनाराम साहू, किर्तन राम साहू, उपसरपंच डॉ मुकेश साहू, मनीश सोनवानी, दुर्गेश कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। जिसमे निर्णायक मोती लाल साहू, चमन सिंह रामटेके, गायत्री हरख साहू, यशोमति साहू रहेंगे। मंच संचालन टेमन लाल साहू व टाके"वर साहू करेंगे। समिति के अध्यक्ष टेमन लाल साहू, उपाध्यक्ष टाकेश्वर साहू, सचिव सहदेव साहू, कोशाध्यक्ष खेमराज साहू, संरक्षक मोरध्वज, सलाहकार प्रताप सिंह रामटेके, संजय वर्मा, संजय साहू, परमानंद साहू, मोती लाल साहू उपस्थित रहेंगे।

### कल्याण कॉलेज ग्राउण्ड में बनाया जाएगा इंडोर स्टेडियम

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 5 अंतर्गत सेक्टर 7 छठ तालाब, कल्याण कालेज ग्राउण्ड, सड़क 9 उद्यान, जयंती स्टेडियम के पीछे तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा सेक्टर 7 छठ तालाब का निरीक्षण किया गया। छठ त्यौहार हेतु तालाब की साफ-सफाई व्यवस्था को देखे और कार्य की प्रशंसा किए। सेक्टर 7 कल्याण कालेज ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया । ग्राउण्ड के भीतर इंडोर स्टेडियम का प्रस्ताव तैयार करने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए हैं। समीपस्थ सड़क 9 स्थित उद्यान की साफ-सफाई का अवलोकन किया गया, उद्यान के भीतर का फव्वारा बंद पड़ा है, जिसका संधारण कर चालू करने निर्देशित किया गया है। छठ को दृष्टिगत करते हुए जयंती स्टेडियम के पीछे बने तालाब की सफाई जल्द से जल्द कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किए है।

# आर.ओ.टी. कोर्स पूराकर लौटे ट्रेनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में दिनांक 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित आर.ओ.टी. कोर्स में छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 07 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बालोद जिले से सहायक लीडर ट्रेनर मिलन सिन्हा ने इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रशिक्षण राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत खालसा एवं राज्य सचिव जितेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के शिविर संचालक एस.एस. राय ने प्रतिभागियों को लीडर ट्रेनर द्वारा आयोजित बेसिक एवं एडवांस कोर्स की बारीकियों से अवगत कराया। साथ ही राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा किए गए नवीन परिवर्तनों की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ध्वज शिष्टाचार, ड्यूटी परिवर्तन, कैम्प निरीक्षण, ध्वज अवतरण आदि विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी गई, जिससे प्रतिभागियों के प्रशिक्षण कौशल में और निखार आया। श्री मिलन सिन्हा की इस उपलब्धि पर जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी, जिला आयुक्त (गाइड) दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव के.एल. गजेन्द्र, जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) नेमसिंह साहू, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) प्रेमलता चंद्राकर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) भुवन सिन्हा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सीमा साहू, विकासखंड सचिव चंद्रशेखर दिल्लीवर, रूपेन्द्र सिन्हा, सेवाराम प्रेमन, मनीराम साहू, संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे, धनेश्वरी साहू, लिली पुष्पा एक्का एवं भोला राम साहू सहित समस्त स्काउट–गाइड परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए हर्ष प्रेषित कीं।

# टटेंगा के स्कूल की छात्राओं ने किया सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के विद्यार्थियों द्वारा दीपावली के अवसर पर सुआ नृत्य किया गया। प्राचार्य आर के देवांगन ने सर्वप्रथम सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा इस लोकगीत और लोक नृत्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नृत्य, दीपावली पर सभी को बधाई देने के लिए गाई जाती है। इस गीत में करुण रस, श्रृंगार रस तथा हास्य रस की प्रधानता होती है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने नृत्य और गीत का संपादन व निर्देशन के अलावा छात्राओं को अभ्यास कराने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की। इस कार्य में व्याख्याता हर्षा देवांगन ने सहयोग प्रदान किया। व्यवस्था संबंधी सहयोग व्याख्याता पवन सिन्हा ने की ।

विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने संचालन करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में इस प्रकार के विभिन्न आयोजन होते रहते हैं। जिसमें इस बार सुआ नृत्य का प्रदर्शन छात्राओं के द्वारा किया गया। इस नृत्य की विशेषता यह है कि इसमें किसी भी वाद्य यंत्र का उपयोग नहीं होता बल्कि तालियों के थाप पर गीत गाए व नृत्य किए जाते हैं। इस गीत और नृत्य के मूल में सर्वजन सुखाय व सर्वजन हिताय की भावना होती है। कक्षा 12वीं के कुसुम, कुमकुम, अंजलि, रागनी, प्रियंका, नगमा, पारुल, प्रियंका , डिंपल, ट्विंकल व हस्ती ने अपनी योगदान दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक डी के मोहनमाला, प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक लिखन सरपा, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, कुंदन यादव उपस्थित थे।





### सुआ नृत्य व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में बड़े ही धूमधाम से दीपावली के पावन अवसर पर सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ तोरन कम्पीटिशन में फनी चंद्राकर तृतीय, जितेश ढाले द्वितीय, साक्षी सोनकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। थाली डेकोरेशन में तनवीर तृतीय स्थान, पलक खोबरागड़े द्वितीय स्थान, कीवंशी एवं अंशिका संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में समीर भंडारी द्वितीय प्राची संचेती प्रथम स्थान पर रहे। दिया डेकोरेशन में भव्य, नेत्रिका, शिवांश, वर्णिका, अलमास ,हिमांगी ,तुषार ,काव्या ,लक्ष्य,मोनिका ने भाग लिया। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन ,उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद जैन, रवि जैन, प्रभा जैन उपस्थित रहे। शाला परिवार से प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू, वी के साहू, अनिल थॉमस, श्रीवास मैम, लक्ष्मी ठाकुर, गोपी किशन सुधाकर, धनेश्वरी वर्मा, एवं समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।



### मामूली विवाद पर दादी सास की हत्या, बहू हुई गिरफ्तार

**भिलाई।** घर के मामूली विवाद को लेकर बहु ने अपनी दादी सास की हत्या कर दी है। खबर लगने पर पुलिस ने बहु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम गोढ़ी निवासी उर्मिला वर्मा और बहू रोशनी वर्मा घटना के समय घर पर थे। घर के अन्य सदस्य काम पर गए हुए थे। पड़ोसी ने फोन कर पीड़ित सुरेन्द्र वर्मा को घटना की सूचना दी। परेशान होकर तुरंत सुरेन्द्र घर पहुंचा तो उसकी मां बेडरूम में खून से सनी पड़ी थी, उसके सिर में गंभीर चोट था। सूचना पर नंदिनी थाना प्रभारी पारसराम ठाकुर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर रोशनी वर्मा को पकड़ा । पूछताछ करने पर बहु ने बताया कि दादी सास उर्मिला के व्दारा उसे खाना बनाने के नाम पर ताना कसती थी। इसी को लेकर विवाद हुआ आकोश में आकर बेडरूम में रखे लोहे के हथौड़े से दादी सास उर्मिला के सिर में वार कर दिया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. : 7000627909, 07722296001
Start the Month with savings
40% OFF ON ALL TEST ON 1st OF EVERY MONTH
डॉ. सुधीर चटर्जी
MBBS, MD (Medicine)
CCEBDM (Diabetes)
आयुषमान कार्ड सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृतिका चटर्जी
MBBS, MD (Pathology)
सुविधाएं
कमर दर्द / हाथ पैर दर्द का इलाज
हृदय रोग संबंधित बीमारियों का इलाज
डॉयलिसिस सुविधा
24 HOUR SERVICE
Cardio Diabetic Center
लकवा एवं मिर्गी का इलाज
खून एवं पेशाब जांच की सुविधा
ओपीडी का समय : प्रात: 11 से 5 बजे तक

## खबर संक्षेप

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली दी शुभकामनाएं

**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. इन सभी पुण्य त्योहारों के पावन अवसर पर श्री साहू ने प्रदेशवासियों के सुखी व खुशहाल जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना की है।



श्री साहू ने प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धनतेरस एवं दीपों का महापर्व दीपावली हमारी संस्कृति के जीवन मूल्यों का संवाहक है। यह पावन पर्व भारतीय समाज, देश सहित पूरे प्रदेश में सम्पन्नता एवं समृद्धि लाए यही मेरी ईश्वर से कामना है। इसी के साथ-साथ श्री साहू ने प्रदेश वासियों को गोवर्धन पूजा और भाई दूज की भी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमारे लोक जीवन से जुड़ा पर्व है। इस दिन गायों की पूजा कर खिचड़ी खिलाई जाती है और गोधन के रूप में अमूल्य चीजों की पूजा कर उनके प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट किया जाता है आगे कहा कि भाई-बहनों के अटूट विश्वास का प्रतीक पर्व भाईदूज हम सभी को परस्पर सम्मान, स्नेह, भरोसा और अपनेपन के साथ एक दूसरे के साथ रहने और खुशहाल जीवन व्यतीत करने की सीख देता है।

### कलंगपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा पर्व

**बालोद/कलंगपुर।** दीपावली त्यौहार के पावन पर्व पर गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन भाई दूज एवं मातर उत्सव को ग्राम कलंगपुर में प्रतिवर्ष बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी मातर उत्सव गुरुवार को मनाया जायेगा। इस दिन यहां के स्थानीय शासकीय व अर्धशासकीय कर्मचारी संघ एवं ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान मे रात्रिकालीन कार्यक्रम मोर मयारु संगी लोक सांस्कृतिक कलामंच टेड़ेसरा राजनांदगांव की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू ने दी।

### रेंगाडबरी में लोक छग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में धनतेरस, दीपावली व गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में रविवार को समस्त ग्रामवासियों द्वारा लोक छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक संस्था छिन्दगांव (डौण्डी) का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें समस्त ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

### डुंडेरा राशन दुकान में नहीं पहुंचा एपीएल हितग्राहियों का चावल

**उतई।** नगर पालिक नगर रिसाली के ग्राम डुंडेरा के राशन दुकान में इस माह के एपीएल कोटे का चावल अभी तक नहीं पहुंचा हैं जिसे लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने खाद्य अधिकारी से मुलाकात कर अवगत कराया है। तरुण बंजारे ने बताया कि डुंडेरा के राशन दुकान में आधा महीना बीत जाने के बाद भी एपीएल हितग्राहियों का चावल नहीं पहुंचा है जिसके कारण हितग्राही राशन दुकान का चक्कर लगाकर वापस लौट रहे हैं।

# हरठिमा की छात्राओं के सुआ नृत्य में दिखी संस्कृति और परंपराओं की झलक

## सुआ नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और लोक परंपराओं का प्रतीक सुआ नृत्य आज भी समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। इसी सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हर्राठेमा में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आयोजन में विद्यालय की 40 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक लोक धुनों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

**लोक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन-** कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बांस की टोकरी में धान भरकर उस पर तोते की प्रतिमा रखकर समूह में नृत्य प्रस्तुत किया। चारों ओर ताल-लय और पारंपरिक गीतों की गूंज ने वातावरण को आनंदमय बना दिया।



### प्रतियोगिता में ये हुए शामिल

प्रतियोगिता में मुल्ले ग्रुप की छात्राओं खुशबू, गीतिका, ट्विंकल, माधुरी, तन्नू, उमेश्वरी, पायल और संजना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों द्रौपदी सिंह, रेणुका यादव, लिखेंद्र सिंहा, प्रमोद अवस्थी, शिव पटेल, ममता नुरुटी और रविंद्र का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन लता ठाकुर ने कुशलता से किया। सुआ नृत्य जैसी परंपराएं न केवल हमारी जड़ों से जोड़ती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देती हैं कि संस्कृति केवल इतिहास नहीं, बल्कि जीवंत जीवनशैली है।



**सुआ नृत्यः भावना और प्रकृति का संगम-** विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सी. एल. कलिहारी ने बताया कि सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि सामाजिक समरसता, भावनाओं की अभिव्यक्ति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है। महिलाएं दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर समूह में इस नृत्य को करती हैं, जिसमें तोते के माध्यम से अपनी भावनाओं और लोक कथाओं को अभिव्यक्त करती हैं।

## पर्व : सोना, चांदी, बर्तन और वाहन की जोरदार खरीदारी से चमका बाजार

# धनतेरस पर बाजार में बढ़ी रौनक करोड़ों का हुआ रिकार्ड कारोबार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

धनतेरस पर्व के अवसर पर शनिवार को शहर का बाजार रोशनी और रौनक से जगमगा उठा। तड़के सुबह से ही खरीदारों की भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी। लोगों ने परंपरागत रूप से सोना, चांदी, बर्तन, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं खरीदीं। शहर की मुख्य सड़कें और बाजार क्षेत्र शाम तक लोगों से खचाखच भरे रहे।

ज्वेलरी और बर्तन दुकानों में रही सबसे ज्यादा रौनक धनतेरस के शुभ अवसर पर ज्वेलरी दुकानों में ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। सोने-चांदी के सिक्के, झुमके, मंगलसूत्र और अन्य आभूषणों की भारी बिक्री हुई।

### करोड़ों का कारोबार व्यापारी खुश, ग्राहक संतुष्ट

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, धनतेरस के दिन दल्लीराजहरा शहर में अनुमानित 10 से 12 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। व्यापारी वर्ग ने कहा कि लंबे समय बाद ऐसा उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला है। ग्राहकों ने भी कहा कि इस बार महंगाई के बावजूद त्योहार की चमक पर कोई असर नहीं पड़ा सबके चेहरों पर उत्साह और विश्वास की चमक दिखाई दी। धनतेरस पर्व ने दल्लीराजहरा शहर की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भर दी है। बाजारों में आई यह चहल-पहल आगामी दीपावली तक जारी रहने की उम्मीद है। व्यापारी वर्ग के चेहरे पर मुस्कान और ग्राहकों के चेहरों पर संतोष। यही दर्शाता है कि इस बार सचमुच धन की वर्षा हुई है।

वहीं बर्तन दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ देखते ही बन रही थी। हर कोई पीतल, स्टील और चांदी के बर्तन खरीदकर शुभ लाभ की परंपरा निभाता दिखा। दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बिक्री में 20 से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

**जीएसटी कम होने की वजह से बिक्री के नए रिकॉर्ड-** जीएसटी कम होने की वजह से गाड़ियों के दर कम हुए इस कारण दल्लीराजहरा शहर के ऑटोमोबाइल शोरूमों में भी ग्राहकों की भीड़ सुबह से ही देखी गई। कई लोगों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बुकिंग कर इस शुभ दिन को यादगार बना लिया।

इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में भी एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, और मोबाइल की जमकर बिक्री हुई। व्यापारियों ने बताया कि धनतेरस पर अबतक का सर्वश्रेष्ठ कारोबार इस वर्ष हुआ है। पटाखों और मिठाई की दुकानों में उमड़ी भीड़ बच्चों और युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। पटाखा बाजारों में रौनक पूरे दिन छाई रही। कपड़ा बाजार में दीपावली के नए वस्त्रों की खरीदारी के लिए महिलाओं और युवतियों की भीड़ नजर आई। सजावटी वस्तुओं, झालर, दीपक, गणेश-लक्ष्मी प्रतिमाओं की बिक्री भी शानदार रही। किराना बाजार में भी आवश्यक वस्तुओं की खपत दोगुनी रही।

# डीईओ मधुलिका ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

## रिजल्ट सुधारने बनाएं मास्टर प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जोन क्रमांक 14 पीपरछेड़ी बालोद में जोन की समीक्षा बैठक जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा लिया गया।

पीपरछेड़ी जोन के समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी विशेष रूप से उपस्थित हुई और जोन के अंतर्गत आने वाले 8 विद्यालय के प्राचार्यों से व्यक्तिगत विगत वर्षों के बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा किये। असंतोषप्रद परीक्षा परिणाम वाले प्राचार्यों से वर्तमान वर्ष किए जाने वाले प्रयास के बारे में जानकारी प्राप्त की व बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विषयवार व्यूह रचना के आधार पर अध्यापन के निर्देश दिए। विषयवार मेंटर नियुक्त करने, 50 प्रतिशत से कम व 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए अलग अलग जोन स्तरीय मेंटर नियुक्त करने तथा जिला स्तरीय कार्ययोजना को शत प्रतिशत लागू करने कहा।

■ प्राचार्यों को दिए निर्देश, बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए मेंटर नियुक्त होंगे

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहनी यादव ने प्रत्येक प्राचार्य से विषयवार तिमाही परीक्षा परिणाम का समीक्षा की। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमा ठाकुर ने विभिन्न विषयों की परीक्षा परिणाम सुधार हेतु प्रत्येक बच्चों की जानकारी एकत्रित करने को कहा। तिमाही परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए अतिरिक्त शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा अपार आईडी का निर्माण के संबंध में समस्त प्राचार्य से जानकारी मांगी व आने वाली समस्या व समाधान के बारे में भी बात की। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि बच्चों का अपार आईडी, यू–डाइस एवं आधार के आधार पर निर्मित करें तथा किसी समस्या के लिए जिला प्रोग्रामर से संपर्क करें और दिसंबर तक अपार आईडी शतप्रतिशत पूर्ण करें। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आगामी त्यौहार के अवकाश को देखते हुए बच्चों को गृहकार्य के रूप में विगत 5 वर्षों के प्रश्न पत्र हल करने व परीक्षा परिणाम सुधारने में हर संभव प्रयास करने कहा। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ प्राचार्य नरेश कुमार मंडावी के द्वारा परीक्षा परिणाम सुधारने अपना अनुभव प्रस्तुत किया। पीपरछेड़ी जोन के विद्यालय पीपरछेड़ी, निपानी, लिमोरा, तमोरा, बेलगांव, बिरेतरा, पोंडी व भेडिया नवागांव से प्राचार्य परीक्षा प्रभारी व मेंटर समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

# छात्राओं ने नशामुक्ति और पौधारोपण की थीम पर दीपावली पर्व का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडीलोहारा

स्कूल में छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर नशामुक्ति अभियान जन जागरूकता संदेशकी शुभकामनाएं दी। शिक्षिका निशा साहू बताया कि नशा मुक्ति अभियान मादक द्रव्यों (नशे) के सेवन से समाज को बचाने और नशे की लत से मुक्ति दिलाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है, इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना, नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना करना, नशे की आपूर्ति रोकना और नशे के आदी लोगों को पुनर्वास व परामर्श प्रदान करना है। नशा मुक्त अभियान नो टोबैको एक सरकारी पहल है। जिसका उद्देश्य युवाओं को तंबाकू और अन्य नशों से दूर रखना है। साथ ही पौधारोपण व प्रकृति संरक्षण जागरूकता के बारे में बच्चों को संबोधित करते हुये प्रधानपाठक टेमन लाल ने कहा कि प्रकृति संरक्षण का अर्थ है। प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थितिक तंत्रों की बुद्धिमानीपूर्ण और सावधानीपूर्वक सुरक्षा और प्रबंधन करना, ताकि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए उपलब्ध रहें। इसमें जल, वन, वन्यजीव, वायु और खनिजों जैसे प्राकृतिक संसाधनों को बर्बाद होने से बचाना और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखना शामिल है। दीपावली पर्व के बारे में बच्चों को संबोधित करते हुये शिक्षक वासुदेव पटेल ने कहा कि दिवाली सिर्फ रोशनी का ही नहीं, बल्कि आंतरिक जागृति का भी त्योहार है। यह हमें अपने हृदय से अंधकार, क्रोध, घृणा और लोभ को दूर करके उसे अच्छाई, शांति और प्रेम से भरने की याद दिलाता है। दीपावली पर पटाखों का प्रयोग करते समय सावधानी विषय पर अपनी बात करते हुये मनीष कुमार देशमुख ने कहा कि आग से होने वाली चोटों से बचने के लिए सूती कपड़े पहनें। सिंथेटिक या नायलॉन के कपड़े पहनने से बचें। पैरों की चोटों से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि सभी लोग सुरक्षात्मक जूते पहनें। दिवाली पर सुरक्षा उपाय के तौर पर, लंबे, ढीले कपड़े या बेल स्लीव वाले कपड़े पहनने से बचें। घर के अंदर, बंद जगहों या बिजली के उपकरणों के पास पटाखे न फोड़ें। हमेशा खुले और हवादार स्थानों का उपयोग करें। छोटे बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें और उन्हें सुरक्षित दूरी पर रखें। केवल कुछ सुरक्षित पटाखे, जैसे फुलझड़ी, ही दें। गलत तरीके से जलने वाले या खराब हो चुके पटाखों से छेड़छाड़ न करें।



शिक्षकों ने बताया प्रकृति संरक्षण और दिवाली का महत्व

## पवन सोनवर्षा बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**अंडा।** पवन सोनवर्षा संरक्षक तहसील साहू समाज अर्जुन्दा को भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर तहसील साहू समाज के पदाधिकारियो ने उनके गृह ग्राम पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला बालोद नेतृत्व को आभार एवं धन्यवाद दिया तहसील साहू समाज के अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने बधाई देते हुए कहा कि अर्जुन्दा नया तहसील बनने के बाद मंडल अर्जुन्दा से पवन सोनवर्षा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है ये हम सबके लिये और पुरे साहू समाज के लिये गौरव की बात है। जिला भाजपा नेतृत्व द्वारा समाज के व्यक्ति को प्रमुख दायित्व जिला पदाधिकारी ,(उपाध्यक्ष) बनाया गया है। इसके लिए तहसील साहू समाज अर्जुन्दा के द्वारा भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष माननीय किरण सिंह देव ,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी एवं बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष माननीय चेमन देशमुख का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा ,तहसील साहू समाज अध्यक्ष उमाशंकर साहू , भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अर्जुन्दा के अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि साहू समाज गवीन्द्र साहू , कोषाध्यक्ष चुकेश्वर साहू, सह सचिव विनय साहू, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष देवधर साहू, संयोजक हरिश साहू, इंद्रकुमार बनपेला, सरपंच खुरसुनी योगेश्वर साहू, रामू साहू, हुनेश साहू, चोवन साहू,उपस्थित रहे।



## सरपंच रूपेश्वर ने स्कूली बच्चों को भेंट किए दीपावली उपहार

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत भाठागांव आर के सरपंच रूपेश्वर कुमार यादव द्वारा शनिवार को प्राथमिक शाला भाठागांव आर के बच्चों को दीपावली पर्व पर बच्चों को उपहार भेंट किया। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है, हमें अपने जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाना चाहिए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## विशेषज्ञों ने दिए कैरियर व रोजगार संबंधी उपयोगी सुझाव

# कैरियर मार्गदर्शन व रोजगार कौशल पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, शनिवार को कैरियर मार्गदर्शन और रोजगार कौशल विषय पर एकदिवसीय परस्पर संवादात्मक सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण कौशल विकास योजना, व्यक्तित्व विकास और भविष्य के व्यावसायिक मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे, अध्यक्ष शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी, भिलाई एवम् प्रमुख वक्ता उत्तम ध्रुव, एस.डी.एम. दुर्ग थे।

इसके पश्चात वी.के. केडिया, उप निदेशक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार तथा उपसंचालन ने रोजगार के विभिन्न अवसरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।





उन्होंने बताया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका लाभ लेकर विद्यार्थी अपने कैरियर को नई दिशा दे सकते हैं इस प्रकार उन्होंने शिक्षा, समाज, राष्ट्र धर्म, लक्ष्य, धैर्य, अनुशासन, रोजगार, न्याय, उत्तरदायित्व आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा किए। अंत में देवेन्द्र चंद्राकर, अभियंता ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग एवं समन्वयक, कौशल प्रशिक्षण, ने तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजगार सामाजिक जीवन का प्रमुख आधार है और समय पर रोजगार प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए इस प्रकार उन्होंने सरकारी योजनाओं एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति को समझाया। कार्यक्रम का संचालन श्याम सुंदर पटनायक सहा. प्राध्यापक शिक्षा विभाग एवं अदिति बंजारे सहा. प्राध्यापक रसायन द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न रखे जिनका विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ रश्मि पांडे, उपप्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं रोजगार-संबंधी दृष्टिकोण को सशक्त बनाते हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में निशात खान और रमिता यादव सहायक प्राध्यापक शिक्षा की विशेष भूमिका रही। इस आयोजन से विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण, रोजगार अवसरों एवं कौशल विकास की दिशा में उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411